Total number of printed pages-3

UG/Sem-1/HIN-HG1

2022

Hindi (Honours Generic)

Paper: HIN-HG-1016

(Hindi Sahitya Ka Itihas)

Time: 3 hours ***Marks: 80***

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए: 1×10=10

(क) हिंदी साहित्य के आदिकाल को 'वीरगाथा काल' किसने कहा है ?

(ख) एक रासो काव्य का नाम लिखिए।

(ग) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कब से भक्तिकाल का प्रारंभ माना है ?

(घ) कबीरदास की एक रचना का नाम बताइए।

(ङ) मीराबाई की कविता का प्रमुख रस क्या है ?

(च) मिश्रबंधुओं ने रीतिकाल के लिए कौन-सा नाम सुझाया है ?

(छ) केशव द्वारा रचित एक राम काव्य का नाम लिखिए।

(ज) एक रीतुमुक्त कवि का नाम लिखिए।

(झ) 'प्रेमघन' का पूरा नाम क्या है ?

(ञ) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रथम प्रकाशन कब हुआ था ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए: 2×5=10

(क) नाथ साहित्य की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) चंदरबरदाई किस काल के कवि थे ? उनके द्वारा रचित महाकाव्य का नाम लिखिए।

(ग) सूरदास की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(घ) 'रीति' का आशय क्या है?

(ङ) मैथिलीशरण गुप्त की किन्हीं दो काव्यिक विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* के संक्षिप्त उत्तर दीजिए: 5×4=20

(क) आदिकाल के सीमांकन पर विचार कीजिए।

(ख) संत काव्यधारा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) मलिक मुहम्मद जायसी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) रीतिबद्ध काव्य से आप क्या समझते हैं ?

(ङ) आधुनिक और आधुनिकता का तात्पर्य बताइए।

(च) छायावादी काव्यधारा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित *किन्हीं चार* प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए: 10×4=40

(क) आदिकालीन सिद्ध-साहित्य पर एक सारगर्भित लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ख) आदिकालीन जैन-साहित्य की विशेषताओँ पर प्रकाश डालिए।

(ग) राम काव्य-परंपरा में तुलसीदास का स्थान निर्धारित कीजिए।

(घ) रीतिमुक्त काव्य की सामान्य प्रव्रुत्तियों को रेखांकित कीजिए।

(ङ) आधुनिक काल का सीमांकन करते हुए उसके नामकरण पर विचार कीजिए।

(च) द्विवेदीयुगीन कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

■■■